डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती : आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

सेवा में,

प्रबन्धक / प्राचार्य
वि0वि0 से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय
आगरा।

विषयः— वित्तीय वर्ष 2024—25 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति /शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तगर्त शिक्षण संस्थाओं का मास्टर बेस का सत्यापन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के पत्र संख्या 199 दिनांक 17 / 09 / 2024 के अनुसार अपने शिक्षण संस्थान के मास्टर डाटा बेस में समस्त विवरण को पूर्ण करते हुये लॉक करें तदोपरान्त विश्वविद्यालय नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुये मास्टर डाटा बेस को सत्यापित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही संलग्न प्रारूप पर सूचनाएं अंकित कर प्रारूप में उल्लिखित संलग्नकों के अनुसार अभिलेख संलग्न करते हुये प्राचार्य /प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर एवं मोहर सहित सूचना अविलम्ब कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, आगरा के भवन संख्या 460 सेक्टर—14, आवास विकास कॉलोनी, (नियर करकुंज चौराहा), सिकन्दरा आगरा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित् करें जिसमें कि नियमनुसार ऑनलाईन सत्यापन का कार्य किया जा सकें तथा अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र / छात्राओं के द्वारा अपना आवेदन पूर्ण किया जा सकें। अन्यथा आप स्वंय जिम्मेदार होगें।

27/9/24

कुलसचिव

प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रेषित।

1. निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी / मुख्य विकास अधिकारी, आगरा।
3. उपनिदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण, आगरा मण्डल आगरा।
4. जिला समाज कल्याण अधिकारी, आगरा को इस आशय से प्रेषित है कि जनपद में संचालित समस्त संस्थाओं को भी उक्त कार्य किये जाने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा को इस आशय से पत्र प्रेषित है कि सम्बन्धित उच्चत्तर शैक्षणिक संस्थाओं को उक्त कार्य करने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
6. श्री अनिल कुमार गुप्ता (छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी) डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा।
7. कार्यदायी एजेंसी को आशय के साथ कि प्रत्येक महाविद्यालय के लॉगिन में अपलोड हेतु।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner

डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती : आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य
वि0वि0 से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय
आगरा

विषयः– स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के सतत संचालन के लिये उपयोग किये जा रहे डिजीशक्ति वेब पोर्टल में उपलब्ध छात्र – छात्राओं के डाटा को एडिट/प्रमोट/अपलोड एवं सत्यापन करने की प्रक्रिया हेतु पोर्टल को खोले जाने हेतु समय – सारिणी में परिवर्तन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के सतत क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु विकरित डिजीशक्ति पोर्टल पर छात्र – छात्राओं का डाटा एडिट/प्रमोट/अपलोड किये जाने के पश्चात डाटा का सत्यापन किये जाने के लिये निर्धारित मासिक समय – सारिणी में परिवर्तन कर उक्त समस्त कार्यवाहियाँ अब पाक्षिक आधार पर सम्पन्न कराये जाने की व्यवस्था निर्धारित की गयी है। उक्त परिवर्तित व्यवस्थानुसार यह कार्यवाहियाँ अब निम्न समय सारिणी के अनुसार सम्पन्न की जा सकेगीः–

क्रम सं.	कार्यवाही	पूर्व में निर्धारित समय–सारिणी दिनांक (प्रत्येक माह)	परिवर्तित समय–सारिणी दिनांक (प्रत्येक माह)	
			प्रथम पखवाड़ा	दूसरा पखवाड़ा
1	संस्थानों द्वारा छात्र–छात्राओं के डाटा को एडिट/प्रमोट/अपलोड किया जाना।	01 से 12 तक	01 से 05 तक	16 से 20 तक
2	संस्थानों द्वारा वेरीफाई किया जाना।	14 से 17 तक	06 से 08 तक	21 से 23 तक
3	विश्वविद्यालयों/बोर्ड/सोसाइटी/काउन्सिल (UBSC) द्वारा अप्रूव किया जाना।	18 से 23 तक	09 से 11 तक	24 से 26 तक
4	विभाग द्वारा डाटा लॉक किया जाना।	24 से 26 तक	12 से 14 तक	27 से 29 तक

कृपया उक्त से अवगत होते हुए अपने महाविद्यालय/संस्थान से सम्बन्धित नोडल अधिकारी को सूचित कराने का कष्ट करें।

नोडल अधिकारी

27/9/23
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. प्रबंध निदेशक, यूपीडेस्को, लखनऊ
2. सहायक कुलसचिव, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ
3. जिला अधिकारी आगरा
4. कार्यदायी एजेंसी को इस आशय के साथ कि प्रत्येक महाविद्यालय के लॉगिन में अपलोड हेतु

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner